पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित हुआ स्वल्पाहार कार्यक्रम

राज्यपाल से राजभवन में मुख्यमंत्री एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई का आदान–प्रदान किया

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राजभवन में कायाकल्प किये गये कार्यों का उद्‌घाटन एवं अवलोकन किया

लखनऊः 15 अगस्त, 2024

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राजभवन में स्वल्पाहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, विधान परिषद के सभापति कु0 मानवेंद्र सिंह, विधान सभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव मौर्य व श्री ब्रजेश पाठक, मंत्रीगण, मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री प्रशान्त कुमार, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव सूचना श्री संजय प्रसाद, प्रतिष्ठित कलाकार, सैन्य अधिकारी सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भेंटकर राज्यपाल जी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

स्वल्पाहार कार्यक्रम से पूर्व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में कायाकल्प एवं सौन्दर्यीकरण किये गये कार्यों का उद्‌घाटन एवं अवलोकन किया। इस क्रम में मा0 राज्यपाल जी एवं मुख्यमंत्री जी ने राजभवन के मुख्य भवन स्थित पोर्टिको पर रखी गयी ऐतिहासिक कुर्सी का अवलोकन किया और इसके इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात जनकक्ष, कला कक्ष, तृप्ती एवं अन्नपूर्णा कक्ष, स्टाम्प एवं मुद्रा कक्ष का

उद्घाटन एवं अवलोकन किया। उनके द्वारा राज्यपाल कार्यालय कक्ष, नील कुसुम एवं राम दरबार का भी अवलोकन किया गया।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन के विभिन्न कक्षों को नवीनीकृत किया गया है। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा कक्षों के अवलोकन दौरान जनकक्ष में विभिन्न प्रकार के डिजाइन के लगाये गये कारपेट, कला कक्षा में विभिन्न दुर्लभ व नवीनतम कलाकृतियां, स्टाम्प व मुद्रा कक्ष में 1853 से अब तक विभिन्न अवसरों पर जारी स्मारक डाक टिकट तथा प्राचीन सिक्कों की विविधता, नील कुसुम की दीवारों पर मनमोहक पेंटिंग व चित्र, अन्नपूर्णा कक्ष में राजस्थान की प्रसिद्ध टिकरी वर्क का प्रयोग करते हुए बनाए गए डिजाइन, बाहरी दीवारों पर लगे आकर्षक डिजाइन युक्त सेरेमिक प्लेटें, कला की बेहतरीन मिसाल प्रस्तुत करते झूमर तथा तृप्ति कक्ष में राजभवन के पक्षियों की पेंटिंग आदि का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री जी ने राजभवन के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाते इन विभिन्न कक्षों की सुंदरता की सराहना करते हुए उसके सन्दर्भ में जानकारियां भी प्राप्त की।

———————

कृष्ण कुमार– सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250